तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 24. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 19 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

3

अष्टमी पर हुई महागौरी की पूजा



आस्था के साथ संस्कृति का संगम और उत्साह, शहर में गरबा की मची धूम...





जांजगीर-चांपा। बड़े शहरों की तर्ज पर अब जांजगीर में भी गरबा और डांडिया का चलन बढ़ने लगा है। इस बार नवरात्रि में कई स्थानों पर गरबा का कार्यक्रम आयोजित हुआ। रंग बिरंगे पारंपिक परिधानों में सजकर महिलाओं के साथ युवतियां एवं अन्य जमकर थिरके। फोटो : हरिभूमि

खबर संक्षेप

लाइव बैंड के साथ भव्य रास गरबा का आयोजन आज

अकलतरा। नगर में नवरात्रि की सांस्कृतिक परंपरा एवं गरबा उत्सव की उमंग को आगे बढ़ाते हुए आज़ाद ग्रुप अकलतरा द्वारा 19 अक्टूबर सोमवार को भव्य रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में लाइव बैंड की विशेष प्रस्तुति आकर्षण का केंद्र रहेगी। कार्यक्रम का उद्देश्य नगरवासियों को एक मंच पर एकत्रित कर भारतीय संस्कृति, परंपरा एवं सामूहिक उत्सव की भावना को प्रोत्साहित करना है। लाइव बैंड की मधुर धुनों के बीच प्रतिभागी पारंपरिक रास गरबा का आनंद ले सकेंगे। आयोजन को लेकर युवाओं एवं नगरवासियों में उत्साह का माहौल है। आज़ाद ग्रुप अकलतरा के सदस्य अनूप ताम्रकार एवं विपुल जैन ने उक्त जानकारी देते हुए नगर के समस्त नागरिकों, युवाओं एवं गरबा प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

छात्राओं ने किया गौरवान्वित, बढ़ाया महाविद्यालय का मान

अकलतरा। शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़ द्वारा आयोजित कुल उत्सव 2026 के द्वितीय चरण में श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल की छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए महाविद्यालय का मान बढ़ाया। द्वितीय चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन शासकीय टीसीएल स्नातकोत्तर महाविद्यालय जांजगीर में किया गया था, जिसमें निबंध, भाषण, चित्रकला और लोकनृत्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इस आयोजन में जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच बनाहिल महाविद्यालय की बीएससी पंचम सेमेस्टर की छात्रा आयुषी साहू ने चित्रकला प्रतियोगिता में और बीए तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सुमन नवरत्न ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ दोनों छात्राओं का चयन अब तृतीय एवं अंतिम चरण के लिए हो गया है, जिसका आयोजन 24 अक्टूबर को रायगढ़ में विश्वविद्यालय स्तर पर किया जाएगा। छात्राओं की इस उपलब्धि पर टीसीएल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. डी.आर. लहरे एवं रासेयो के जिला संगठक डॉ. पुष्पा सिंह ,श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय, बनाहिल के संचालक डॉ. जय कुमार जैन एवं प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह ने दोनों छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की बधाई देते हुए अंतिम चरण में बेहतर प्रदर्शन की कामना की।

कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

हसौद। हसौद पुलिस की टीम ने 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सक्ती पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर के निर्देश पर प्रशिक्षु उप निरीक्षक जयराम साहू के नेतृत्व में हसौद पुलिस की टीम अवैध शराब की बिक्री, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में हसौद पुलिस की टीम ने एक बार फिर मुखबिर की सूचना पर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम देवरघटा में दबिश देकर रोहित कुमार आजाद पिता दमला आजाद के कोला बाड़ी में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान आरोपी के कब्जे से सफेद रंग के 5 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक जरीकेन में भरी 5 लीटर कच्ची महुआ शराब और हरे रंग की 2 लीटर क्षमता वाली पारदर्शी बोतल में भरी 2 लीटर कच्ची महुआ शराब बरामद की गई। इस तरह 7 लीटर महुआ शराब जिसकी कीमत 700 रुपये बताई गई है जब्त की गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत अपराध दर्ज कर उसे विधिवत गिरफ्तार किया गया। इसके बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

अष्टमी पर जाम का टूटा रिकार्ड, आउटर में घंटों फंसे राहगीर

शहर में बढ़ी भीड़, ट्रैफिक सिस्टम हुआ अनकंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दुर्गा अष्टमी पर शहर में जाम का रिकार्ड टूट गया। जिला मुख्यालय के आउटर में ऐसा जाम लगा कि ट्रैफिक सिस्टम अनकंट्रोल हो गया। ट्रैफिक जाम की समस्या ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी। जाम में लोग घंटों फसे रहे।

नवरात्रि पर्व के सीजन में शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या ने लोगों की दिक्कतें बढ़ा दी है। जिला मुख्यालय के नैला का प्रसिद्ध दुर्गा उत्सव देखने दूर दूर से भक्त पहुंच रहे हैं। पंचमी से भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। दुर्गा प्रतिमा और पंडाल दर्शन को लेकर लोगों की बेतहाशा भीड़ हो रही है। जिसके कारण लोगों को आने जाने में घंटों का समय लग जा रहा है। रविवार 11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि पर्व प्रारंभ हुआ है जो मंगलवार 20 अक्टूबर दशहरा तक चलेगा। इधर त्योहार के सीजन में ट्रैफिक जाम की समस्या ने आम लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। जिला मुख्यालय जांजगीर के ऐतिहासिक दुर्गा उत्सव को देखने के लिए न केवल जांजगीर चांपा बल्कि पड़ोसी जिले के साथ रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, दुर्ग से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। इसके चलते दोपहर के समय से ही शहर में ट्रैफिक जाम की स्थिति निर्मित हो जा रही है। जिससे निपटना पुलिस प्रशासन के लिए कड़ी चुनौती साबित हो रहा है। ट्रैफिक जाम के कारण जांजगीर से बलौदा, कोरबा, बिलासपुर, चांपा आने जाने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जिले के पुलिस प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था बनाने में जुटी है, लेकिन लोगों की बेतहाशा भीड़ के आगे पुलिस प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी भी बेबस नजर आ रहे हैं। रविवार 18 अक्टूबर को अष्टमी पर तो शहर के आउटर में वाहनों की लंबी लंबी कतार लगी रही। केरा रोड और बनारी रोड में इस तरह की दिक्कत सबसे ज्यादा देखी गई। इसके आलावा शहर के कचहरी चौक, नेताजी चौक, अटल चौक में दोपहर के समय से ही ट्रैफिक जाम की समस्या निर्मित हो रही है। ऐसे में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाना पुलिस प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है।



नवरात्रि की भीड़ के कारण लग रहे जाम में फंसे राहगीर।

कर रहे व्यवस्थित

शहर के बाहर आउटर में गाड़ियों के कतार एवं जाम होने को लेकर जानकारियां सामने आ रही है। मौके पर पहुंचकर यातायात के जवान जगह व्यवस्थित करने में लगे हुए हैं।

-उदयन बेहार, एएसपी यातायात जांजगीर-चांपा

हजार से अधिक कृषकों का आधार सिडिंग कार्य अभी रह गया बाकी

पीएम सम्मन निधि राशि पाने में बढ़ सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पीएम सम्मान निधि योजना का लाभ लेने कृषकों का आधार सीडिंग जरूरी है। जिले के 1 लाख 34 हजार 263 कृषकों का आधार सीडिंग करने का टारगेट मिला हुआ है। 1 लाख 33 हजार किसान का आधार सीडिंग काम पूरा कर लिया गया है जबकि अभी 1 हजार से अधिक का कार्य बाकी है। ऐसे में योजना के लाभ पाने के लिए कृषकों को कार्य करना जरूरी है। आधार सीडिंग नहीं होने पर योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत निर्धारित पात्रता रखने वाले कृषकों को हर साल तीन किस्त में केंद्र सरकार द्वारा 6 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है ताकि कृषक इस राशि के माध्यम से खाद बीज समेत खेती किसानी से जुड़े सामान की खरीदी कर सके। विभागीय जानकारी के अनुसार जांजगीर चांपा जिले के पांच ब्लाक अंतर्गत 1 लाख 34 हजार 263 पंजीकृत कृषक को योजना के तहत लाभान्वित करने का टारगेट मिला है, जिसके अंतर्गत 1 लाख 33 कृषक का आधार सीडिंग कार्य पूरा हो चुका है, जबकि अभी भी 1 हजार से अधिक कृषक का आधार सीडिंग काम पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में किसान पीएम सम्मन निधि योजना के लाभ से वंचित हो सकते हैं । प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का प्रमुख उद्देश्य किसानों को प्रोत्साहन राशि वितरण करके उन्हें ज्यादा से ज्यादा खेती किसानी से जोड़ा जाना रहता है। आधार सीडिंग के कामों में बलौदा ब्लाक सबसे आगे तो वही नवागढ़ ब्लॉक इस मामले में सबसे पीछे चल रहे हैं। ऐसे में समय रहते इस कार्य को लेकर कृषक अगर ध्यान नहीं देते तो योजना के लाभ से बाहर हो सकते हैं। ब्लाकवार आंकड़ों पर एक नजर डाले तो जिले के 5 ब्लाक अंतर्गत 1 लाख 34 हजार 263 पंजीकृत एवं सक्रिय कृषक है इनमें बलौदा ब्लाक में 14 हजार 888 कृषक, नवागढ़ ब्लाक में 44 हजार 493 कृषक, पामगढ़ ब्लॉक में 27 हजार 338 कृषक, अकलतरा ब्लाक में 22 हजार 691 कृषक और बम्हनीडीह ब्लॉक में 24 हजार 853 पंजीकृत एवं सक्रिय कृषक है।



आधार सीडिंग कराता किसान।

दिए निर्देश

1 लाख 34 हजार कृषकों का आधार सीडिंग करने का टारगेट है। 1 लाख 33 हजार कृषकों का कार्य पूरा हो चुका है। बाकी को लेकर भी कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है।

-राकेश शर्मा, उपसंचालक कृषि जांजगीर-चांपा

देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव पहुंच मार्ग की हालत जर्जर

तनौद। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुका है। मार्ग में जगह-जगह बड़े बड़े गड्ढें बन गए है। इससे 20 मीनट की दूरी तय करने में घंटों लग रहे है। ऐसा नहीं है कि इस मार्ग का मरम्मत नहीं हुआ है। डामर उखड़ने से सड़क में गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है।



देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव की ओर जाने वाली सड़क बदहाल हो चुकी है। राहगीर कीचड़ और गर्मी के दिनों धुल से परेशान होते हैं। देवरी मोड़ से तनौद भुईगांव 13 किलोमीटर सड़क में बड़े बड़े गड्ढें होने से घंटों समय लगता है। 13 किलोमीटर दूरी सड़क चलने के लायक नहीं बचा है। सड़क पर बने बड़े बड़े गड्ढों से राहगीर परेशान है। विभाग द्वारा मरम्मत के नाम पर हर वर्ष लाखों रुपए खर्च कर सड़क का डामरीकरण किया जाता है। डामरीकरण किया गया था जो लेकिनअब डामर उखड़ने से सड़क में बड़े बड़े गड्ढों में तब्दील हो गया है तनौद नवागांव मोड़ से तीन किलोमीटर सड़क पर गड्ढे हो गए हैं। इससे आवाजाही में दिक्कत हो रही है। जिससे आयें दिन होते रहते हैं ग्रामिणो की माने तो दुर्घटना का मुख्य कारण सड़क पर पानी बह रहा है। नल जल योजना तहत बनें पाईप लाईन व लिंकेज टेप नल का पानी जहां जहां फट रहा गुणवत्ताहीन पाइप फट रहा है। जिससे मुख्य मार्ग सड़क खस्ताहाल है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों का अभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं है जिसके कारण गर्भवती महिलाओं को प्रसव सहित अन्य तरह की समस्या आने पर परेशानी उठानी पड़ती है। जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस समस्या से कोई सरोकार तक नहीं है।

गौरतलब है कि जांजगीर चांपा जिले में सात सामुदायिक स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक स्तर का उपचार तो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हो जाता है लेकिन संस्थागत प्रसव समेत अन्य कार्य स्वास्थ्य केंद्र में प्रभावित हो रहे हैं। जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की समस्या विगत लंबे समय से बनी हुई है। स्त्री रोग विशेषज्ञ नहीं हो पाने के कारण प्रसव को लेकर परेशानी बढ़ जाती है। मजबूरन निजी अस्पतालों में प्रसव कराना पड़ता है। जिले के नवागढ़, अकलतरा, पामगढ़, बलौदा, खरौद, बम्हनीडीह व केरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन तो किया जा रहा है लेकिन ज्यादातर गर्भवती महिलाओं को इनका लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली ज्यादातर महिलाओं की स्थिति मध्य एवं गरीब वर्ग से रहती है। ऐसे में सरकारी अस्पताल उन महिलाओं के लिए किसी वरदान से कम नहीं रहता है ताकि महिलाओं का समुचित उपचार सरकारी अस्पतालों के माध्यम से हो सके लेकिन महिला विशेषज्ञ चिकित्सक नहीं हो पाने के कारण प्रसव के लिए महिलाओं को कई तरह की परेशानी भी उठानी पड़ती है।



झूले और व्यायाम उपकरण जर्जर, साफ-सफाई व रखरखाव के अभाव में रौनक पड़ी फीकी

अभाव का दंश झेल रहा नेहरू बाल उद्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



झूले व लाइट के साथ खराब अन्य उपकरण।

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण आज विकास की दिशा में अपनी अलग पहचान बना रहा है, लेकिन नगर के बीच स्थित नेहरू बाल उद्यान अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। कभी नगरवासियों के स्वास्थ्य और बच्चों के मनोरंजन का प्रमुख केंद्र रहा यह उद्यान आज उपेक्षा का शिकार होता नजर आ रहा है। उद्यान में लगे बच्चों के झूले, लाइटें और बड़ों के लिए स्थापित व्यायाम उपकरण खराब हो चुके हैं। इसके बावजूद इनके सुधार और उद्यान के व्यवस्थित रखरखाव की दिशा में जिम्मेदार विभाग द्वारा कोई ठोस पहल होती दिखाई नहीं दे रही है।

एक समय था, जब नेहरू बाल उद्यान की सुंदरता, साफ-सफाई और हरियाली की चर्चा नगर ही नहीं, बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी होती थी। सुबह-शाम यहां लोगों की अच्छी-खासी भीड़ जुटती थी।

बुजुर्ग टहलने आते थे, युवा दौड़ लगाते थे और नगरवासी छोटे-मोटे व्यायाम कर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते थे। बच्चों के लिए भी यह उद्यान मनोरंजन का प्रमुख स्थान हुआ करता था।उद्यान की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तुस्मा, दुरपा, मुड़पार, गोधना, कुरियारी, कनस्दा, केरा, खरौद और सलखन सहित आसपास के गांवों से भी अभिभावक अपने बच्चों को घुमाने और खिलाने के लिए यहां लेकर आते थे। लोगों की नियमित आवाजाही को देखते हुए उद्यान में कैंटीन की व्यवस्था भी की गई थी। लेकिन समय के साथ व्यवस्थाएं कमजोर होती गईं और कभी आकर्षण का केंद्र रहा यह उद्यान अब बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। नगरवासियों का कहना है कि उद्यान में लगे झूले और अन्य मनोरंजन के साधन खराब होने से बच्चों को खेलने के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। वहीं, व्यायाम के लिए लगाए गए उपकरणों के टूटने से नियमित रूप से यहां आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लाइटों की खराब स्थिति और साफ-सफाई की कमी उद्यान की सुंदरता को प्रभावित कर रही है। नगरवासियों का मानना है कि यदि समय रहते उद्यान की मरम्मत, साफ-सफाई और नियमित देखरेख पर ध्यान दिया जाता, तो इसकी स्थिति इतनी खराब नहीं होती। सार्वजनिक उद्यान केवल मनोरंजन का साधन नहीं होते, बल्कि वे लोगों के स्वास्थ्य, बच्चों के विकास और सामाजिक मेलजोल के भी महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं। जरूरत है कि नेहरू बाल उद्यान का निरीक्षण कराकर खराब झूलों, लाइटों और व्यायाम उपकरणों की मरम्मत कराई जाए। साथ ही, नियमित साफ-सफाई, हरियाली के संरक्षण और बेहतर रखरखाव की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

राम बांधा तालाब में जवारा विसर्जन आज जद्दोजहद के बाद बांस बल्ली के सहारे तालाब में दिखा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चाम्पा जमींदारी की कुलदेवी मां समलेश्वरी सहित नगर के अन्य देवी मंदिरों का जवारा तालाब में विसर्जित किया जाएगा। इसके लिए जलकुंभी से पटे तालाब में कई दिनों के जद्दोजहद के बाद बांस बल्ली के सहारे वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गईं, तब कही जाकर जवारा विसर्जन घाट में पानी दिखने लगा। देवी मंदिरों में 9 दिनों तक चले देवी आराधना के बाद अब जवारा विसर्जन की तैयारी शुरू हो गईं हैं, सोमवार की शाम से मंदिरों से ज्वारा यात्राएं निकालना शुरू हो जाएगा। सबसे पहले चांपा जमींदारी की कुलदेवी मां समलेश्वरी मंदिर से लंबी लोट के साथ जवारा यात्रा निकाली जाएगी। राम बांधा तालाब पूरी तरह से जलकुंभियों से ढक चुका था। तालाब में कहीं पानी नजर नहीं आ रहा था। ऐसी स्थिति में जवारा विसर्जन घाट को तैयार करने के लिए नगर पालिका को काफी प्रयास करना पड़ा। पहले बांस बल्ली लगाकर घाट की सीमा को सुरक्षित किया गया। इसके बाद जलकुंभी को भी को निकाल कर घाट के पास की पानी को साफ किया गया, तब कहीं जाकर घाट पर पानी दिखने लगा। कई दिन की जद्दोजहद के बाद जवारा विसर्जन घाट को तैयार किया गया। उल्लेखनीय है कि विशालकाय राम बांधा तालाब पूरी तरह जलकुंभी से ढक चुका है. कभी 96.40 एकड़ के विशाल तालाब के घाट में नगर पालिका को पानी तलाशने जद्दोजहद करना पड़ रहा है।



खबर संक्षेप

साइबर सुरक्षा और करियर काउंसलिंग में मिलेगी जानकारी

कोरबा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर युवाओं को विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में युवाओं को साइबर सुरक्षा और करियर काउंसलिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से पं. जवाहरलाल नेहरू सभागार रामपुर में आयोजित होगा। इसमें छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष श्री विश्व विजय सिंह तोमर की गरिमामय उपस्थिति रहेगी।

हाई स्कूल पोलमी में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

कोरबा। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय सेजेस, हाई स्कूल पोलमी में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को मतदान के महत्व, लोकतंत्र में मताधिकार की भूमिका तथा प्रत्येक नागरिक के मतदान करने के दायित्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि मतदान लोकतंत्र का महत्वपूर्ण आधार है। प्रत्येक मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी प्रलोभन या दबाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से करना चाहिए। जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में श्रीमती एस कश्यप प्राचार्य, श्रीमती एसके कुर्रे, श्रीमती राखी राय, श्रीमती आरपी धीरेंद्र, जेके सागर एवं ओपी तिवारी जेएस मरावी, नीरज पटेल मुकेश, सत्या सहित विद्यालय के छात्र -छात्राये उपस्थित रहें।

हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने निकाली सड़क सुरक्षा पर रैली



हरदीबाजार। बोईदा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने प्राचार्य पूनम दुबे के संरक्षण में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर सड़क सुरक्षा पर विविध कार्यक्रम भाषण चित्रकला नारा स्लोगन के साथ विशेष रैली निकाली। जिसका प्रमुख उद्देश्य है सड़क में चलने वाले समस्त राहगीर सुरक्षित चलें इस हेतु यातायात नियमों को अक्षर सह पालन करने हेतु एवं हो रहे लगातार दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से यह विशेष आयोजन लगातार विद्यालय में किया जा रहा है। विद्यालय के समस्त छात्रों को जागरुक करते हुए सड़क में चलने वाले राहगीरों को भी हेलमेट की उपयोगिता एवं शासन द्वारा निर्देशित यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइए दिया गया। रैली में लखनलाल बंजारे, वीरेंद्र कुर्रे, राजेन्द्र कुमार नायक, देवी दयाल सिंह, पुरुषोत्तम देवांगन, भारती सिंह तोमर, जितेंद्र कुमार नेटी, निहारिका इमानुएल, परमेश्वर राव मराठा, सेत कुमार सांड, भाग्यश्री पांडेय, गौरव कुमार सिंह, शिवनारायण जगत, राजेंद्र कुमार कौशिल, रजनीश कुमार पाटनवार, किरण जांगड़े, श्यामा मरावी, पुष्पेंद्र कुमार कंवर उपस्थित रहे।

शिक्षक के सम्मान से छात्राओं का सपना हुआ साकार

पंतोरा। संकुल केन्द्र-पंतोरा में विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम में शासकीय अनुसूचित जाति कन्या आश्रम पंतोरा के सहायक शिक्षक राजेन्द्र कुमार कंवर को संकुल स्तरीय उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर का सबसे भावुक और यादगार पहलू कन्या आश्रम पंतोरा की उन बेटियों के चेहरे पर झलकती खुशी थी, जिनका सपना था कि वे अपने शिक्षक को सम्मानित होते हुए अपनी आँखों से देखें और उनके साथ मंच साझा करने का गौरव प्राप्त करें। संयोग से उनकी यह इच्छा साकार हुई।

कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वीडीए में हुई बढ़ोत्तरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दीवाली से पहले महंगाई भत्ता मिलने की खबर से खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों में हर्ष व्याप्त है। डेली वेजेज यानी दैनिक मजदूरी पर काम करने वाले ठेका श्रमिकों के लिए वीडीए यानी वेरिएबल महंगाई भत्ते की नई दरें जारी कर दी है। इससे श्रमिकों की दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी हुई है। अब अलग-अलग श्रेणियों के श्रमिकों को मूल मजदूरी और महंगाई भत्ता मिलाकर प्रतिदिन 1341 रुपये से 1443 रुपये तक मिलेंगे। हर दिन उन्हें 165 से 177 रुपये मिलेगा।

कोल इंडिया मुख्यालय की ओर से जारी कार्यालय आदेश के मुताबिक, नई दरें 1 अक्टूबर से लागू हो चुकी है और 31 मार्च तक प्रभावी रहेंगी। ये बदलाव कोल इंडिया की सभी कंपनियों में खनन कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों पर लागू होंगे। नई दरों के तहत श्रमिकों की दैनिक मजदूरी उनकी श्रेणी के हिसाब से तय की गई है। इसमें मूल मजदूरी और परिवर्तनशील महंगाई भत्ता दोनों शामिल हैं। इस फैसले के बाद उच्च कुशल श्रेणी के ठेका श्रमिकों को सबसे ज्यादा 1443 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे वहीं अकुशल श्रमिकों की कुल दैनिक मजदूरी 1341 रुपये होगी। कोल इंडिया ने महंगाई भत्ते की नई दरें केंद्र सरकार के मुख्य श्रम आयुक्त के उस आदेश के आधार पर तय की है, जिसमें वीडीए बढ़ाया गया था। कार्यालय आदेश के मुताबिक, औद्योगिक श्रमिकों का औसत मूल्य सूचकांक 30 जून को 424.80 था, जो बढ़कर 431.42 हो गया। इसी बढ़ोतरी को ध्यान में रखते हुए ठेका श्रमिकों के महंगाई भत्ते की नई दरें तय की गई हैं, ये संशोधन कोल इंडिया और ठेकेदारों के बीच गठित संयुक्त समिति की 9 अगस्त 2023 की सिफारिश के तहत किया गया है। इस फैसले का लाभ कोल इंडिया की सभी अनुषंगी कंपनियों में खनन कार्यों में लगे ठेका श्रमिकों को मिलेगा। कंपनी के मुताबिक, करीब 1 लाख श्रमिक इस दायरे में आते हैं।

ठेका श्रमिकों को दीवाली से पहले बोनस

खास बातें

- बोनस के बाद वेतन बढ़ोत्तरी और अब वीडीए का भी मिला तोहफा



दीवाली से पहले श्रमिकों को राहत

महंगाई के बीच दैनिक मजदूरी में बढ़ोतरी से कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों की कमाई बढ़ेगी। हालांकि, वास्तविक मासिक कमाई इस बात पर निर्भर करेगी कि श्रमिक ने महीने में कितने दिन काम किया है और उस पर कौन-सी श्रेणी लागू होती है। करीब 1 लाख ठेका श्रमिकों के लिए वीडीए की नई दरें लागू होने से उनकी मजदूरी बढ़ गई है।

अब तक विभाग ने 25 किसान उत्पादक संगठन किए हैं तैयार

किसान उत्पादक संगठन नहीं हो रहे हैं तैयार, विभाग को मिली थी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण अंचलों में तमाम कवायद के बाद भी किसान उत्पादन संगठन तैयार नहीं हो पा रहे हैं। स्वयं सेवी संस्थाओं के भरोसे किसान उत्पादन संगठन जैसी योजनाएं संचालित हो रही है जबकि कृषि विभाग को संगठन तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। विभाग के ग्रामीण विकास विस्तार अधिकारियों को इसके लिए गांव गांव बैठक लेकर किसानों का संगठन तैयार करना था। कागज में यह संगठन जरुर तैयार हो गए हैं लेकिन हकीकत में इन संगठनों की जानकारी पंचायत को भी नहीं है।

जिले के ग्रामीण अंचलों में किसानों को उनकी फसल की उचित कीमत दिलाने के उद्देश्य से किसान उत्पादन संगठन तैयार करने के लिए राज्य शासन से निर्देश थे। उक्त निर्देश के तहत कृषि विभाग को अपने मैदानी अमले के माध्यम से संगठन तैयार करना था। विभाग के मैदानी अमले के द्वारा प्रगतिशील किसानों को जोड़कर यह संगठन जरुर तैयार कर लिया गया है लेकिन वह भी कागजों पर नजर आ रहा है। जबकि संगठन में इस बात का प्रावधान है कि किसानों को उनकी फसल का उचित कीमत और मार्केट मिल सके। इसके लिए दुकान भी तैयार करनी थी जहां किसान अपनी फसल लाकर संगठन को बेच सके और उन्हें बाजार की कीमत मिल सके लेकिन ब्लॉक मुख्यालय में या उससे लगी हुई गांव में ऐसे ना तो संगठन नजर आते हैं और ना ही ऐसी कोई दुकान नजर आती है जहां किसान अपनी फसल बेच सके। जबकि कई ऐसे क्षेत्र हैं जहां बीते वर्ष की तुलना में सब्जी का उत्पादन भी बढ़ा है। कुछ क्षेत्र तो सब्जी उत्पादन के नाम पर अपनी पहचान बनाते जा रहे हैं। उसके बावजूद गांव में ही किसान उत्पादक संगठन तैयार नहीं होना कहीं ना कहीं विभागीय लापरवाही की ओर इंगित करता है।

खास बात

- किसानों को उनकी फसल का लाभ दिलाने के लिए तैयार करना था संगठन



फाइल फोटो

कृषि उपज मंडी भी नहीं हो सकी साकार

खरमोरा क्षेत्र में कृषि उपज मंडी के नाम से एक बड़ी जगह का चयन कर कृषि उपज मंडी तैयार की गई थी। आज लगभग 10 वर्ष होने जा रहे हैं कृषि उपज मंडी विरान पड़ी हुई है। जबकि कृषि उपज मंडी तक पहुंचने के लिए नकटीखार दादर से मुख्य सड़क भी तैयार हो सकी है। उसके बावजूद मंडी बोर्ड और जिला प्रशासन करोड़ों रुपए की लागत से बनी कृषि उपज मंडी को उसके अस्तित्व में नहीं ला सका है। कुछ वर्ष पूर्व धान खरीदी के रुप में कृषि उपज मंडी का उपयोग जरुर किया गया था।

कोचिये रहते हैं सक्रिय

ग्रामीण अंचलों से आने वाले सब्जी को किसानों से रास्ते में ही अन्य प्रांत के कोचियों के द्वारा जबरजस्ती खरीदकर बाजारों में उंची कीमत पर बेचा जा रहा है। दूरस्थ ग्रामीण अंचल से आने वाले किसान अपनी फसल सीधे बाजार तक भी नहीं पहुंचा पाते हैं। एक सिंडीकेट बनाकर कोचिये अपना अपना क्षेत्र बांट लिए हैं और वहां से फसल को खरीदकर बाजार में मनमानी दामों पर बेचने लगे हैं। यही कारण है कि उपभोक्ता को महंगी सब्जी मिल रही है उधर किसान को उसकी सब्जी फसल की कीमत नहीं मिल रही है।

राधेय विद्यापीठ स्कूल में कन्या भोज का हुआ आयोजन

दीपका। राधेय विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल, झाबर में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के उपलक्ष्य में कन्या भोज एवं पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल की नन्हीं छात्राओं को नवदुर्गा के विभिन्न स्वरूपों में आमंत्रित कर पूरे विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों द्वारा माँ दुर्गा के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और आरती के साथ हुई। इसके बाद, परिसर में उपस्थित सभी छोटी बालिकाओं को देवी स्वरूप मानकर आदरपूर्वक उनके पैर पखारे, माथे पर कुमकुम का तिलक लगाया और सुख-समृद्धि की कामना की। पूजन के उपरांत सभी कन्याओं को पंक्तिबद्ध बैठाकर पूरी श्रद्धा के साथ पूरी, हलवा और चने का महाप्रसाद परोसा गया। भोजन के पश्चात विद्यालय परिवार की ओर से सभी बालिकाओं को उपहार भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया गया।

हाथी के हमले से घायल ग्रामीण की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मण्डल के वन परिक्षेत्र अंतर्गत खोड़री बिट में ग्राम पंचायत खोड़री निवासी प्रताप सिंह वाकरे हाथियों को खदेड़ने के दौरान एक दंतैल हाथी के हमला करने से गंभीर रूप से घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान प्रताप सिंह वाकरे की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार पसान वन परिक्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। इन हाथियों के झुंड ने क्षेत्र के किसानों के फसलों को नुकसान पहुंचाया है। बीती रात लगभग 11 बजे चार से पांच हाथियों का झुंड विचरण कर रहा था। इस दौरान प्रताप सिंह व अन्य ग्रामीण हाथियों को मशाल लेकर खदेड़ने पहुंचे थे, इसी दौरान हाथी ने हमला कर दिया। हमले में प्रताप सिंह उम्र 40 वर्ष ग्राम कटरी गंभीर रुप से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए बिलासपुर अस्पताल रेफर किया गया था जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने प्राथमिक सहायता के रूप में राशि प्रदान कर दी है। स्थानीय लोगों के अनुसार हाथी लगातार इलाके में विचरण कर रहे थे, जिससे किसानों की फसलें बर्बाद हो गई। वन विभाग द्वारा लोगों से लगातार अपील की जा रही थी कि वे हाथियों को न छेड़ें और भीड़-भाड़ इकट्ठा ना करें। हालांकि आम नागरिकों द्वारा इन अपीलों को गंभीरता से नहीं लिया गया। प्रताप सिंह वाकरे पर हुए हमले की घटना के बाद इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। वन विभाग की ओर से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाई गई है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की जा रही है।

खास बात

- कटघोरा वन मंडल के पसान वन परिक्षेत्र का मामला



पीड़िता को सहायता राशि देते वन विभाग के अधिकारी।

उद्योग मंत्री के मुख्य आतिथ्य में शहर के 19 प्रमुख मार्गों के डामरीकरण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शहर की सड़क अधोसंरचना को मजबूत बनाने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में रविवार को एक महत्वपूर्ण पहल होने जा रही है। श्रम व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में शहर के 19 प्रमुख मार्गों के डामरीकरण कार्यों का भूमिपूजन किया जाएगा।



लखनलाल देवांगन

भूमिपूजन कार्यक्रम दोपहर 2 बजे कोसाबाड़ी चौक के समीप आयोजित होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी, नगर निगम के समस्त एमआईसी सदस्य, पार्षद एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि उद्योग मंत्री श्री देवांगन के प्रयासों से शहर के प्रमुख मार्गों के डामरीकरण के लिए राशि की स्वीकृति और टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई थी। अब 15 अक्टूबर के बाद मानसून सीजन समाप्त होने के साथ ही सड़क डामरीकरण के कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इन कार्यों के पूरा होने से शहरवासियों को बेहतर सड़क सुविधा मिलेगी, आवागमन अधिक सुगम होगा तथा शहर की यातायात व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। शहर के विकास को गति देने के क्रम में कुछ दिन पूर्व ही सुनालिया अंडरब्रिज निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया था। कोरबा शहर में सड़क सहित बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों को बेहतर आवागमन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकास कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है।

बाल संप्रेक्षण गृह से फिर फरार हुआ अपचारी बालक, सुरक्षा पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोहड़िया स्थित बाल संप्रेक्षण गृह से एक अपचारी बालक के फरार होने की घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं। चोरी के मामले में 27 सितंबर को संप्रेक्षण गृह भेजा गया बालक शुक्रवार की सुबह कर्मचारियों को चकमा देकर भाग निकला।

खास बात

- गणना के दौरान मिली जानकारी, चोरी के मामले में भेजा गया था गृह

बालको की नियमित गणना के दौरान उसके गायब होने का पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के मामले में पुलिस ने पोड़ीबहार क्षेत्र में रहने वाले अपचारी बालक के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके बाद उसे 27 सितंबर को कोहड़िया स्थित बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल कराया गया था। वह करीब 20 दिन से यहां रह रहा था। बताया गया कि शुक्रवार सुबह रोजाना की तरह संप्रेक्षण गृह का मुख्य द्वार खोला गया था। मुख्य द्वार पर लगे चैनल गेट को बंद कर जवान और कर्मचारी अपने काम में व्यस्त हो गए। इसी दौरान अपचारी बालक ने कथित तौर पर चैनल गेट खोलकर परिसर से बाहर निकलने में सफलता हासिल कर ली। उसकी फरारी की जानकारी बालको की गणना के दौरान सामने आई, जिसके बाद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की। बाद में सीएसईबी पुलिस चौकी पहुंचकर घटना की सूचना दी गई। पुलिस अब अपचारी बालक का पता लगाने में जुटी है। बाल संप्रेक्षण गृह से अपचारी बालकों के भागने की यह पहली घटना नहीं बताई जा रही है। पूर्व में भी ऐसी घटनाएं सामने आ चुकी है। इसके बावजूद सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। आखिर नियमित निगरानी और सुरक्षा इंतजामों के बीच बालक परिसर से बाहर निकलने में कैसे सफल हो रहे हैं, यह जांच का विषय है।



सड़क पर ट्रेलर खड़ा कर आवागमन बाधित करने वाले चालकों पर गिरी गाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

त्योहार सीजन के दौरान आम नागरिकों के सुगम आवागमन एवं यातायात व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए कोरबा पुलिस द्वारा सड़क पर अनावश्यक रूप से ट्रेलर वाहन खड़े कर यातायात बाधित करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इसी कड़ी में 15 एवं 16 अक्टूबर को कुल 7 ट्रेलर वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। चौकी मानिकपुर द्वारा अमरैया पारा-मुड़ापार बाईपास रोड क्षेत्र में तथा थाना कोतवाली द्वारा राताखार बाईपास क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए संबंधित ट्रेलर वाहनों को जप्त किया गया। सड़क पर ट्रेलर वाहन खड़ा कर आम आवागमन में बाधा उत्पन्न करने एवं यातायात व्यवस्था प्रभावित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 285 के तहत अपराध दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि त्योहारों के दौरान आम नागरिकों की सुविधा एवं सुरक्षित आवागमन में बाधा उत्पन्न करने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। जिन ट्रेलर वाहनों पर कार्यवाही की गई है उनमें ट्रेलर क्रमांक सीजी 12 बीजी 7284, सीजी 12 एयू 7204, सीजी 12 बीजी 7282, सीजी 12 एयू 2488, सीजी 12 बीएच 1674, सीजी 12 बीजे 0640 एवं सीजी 12 बीजी 7113 शामिल है। वहीं पकड़े गए आरोपियों में रामपुर पसान निवासी बलि राम कोर्राम उम्र 23 साल पिता जगन्नाथ कोर्राम, खरौदी थाना कोन उत्तरप्रदेश निवासी रामप्रवेश पासवान उम्र 41 साल पिता शिवसागर पासवान, लालपुर बांगो निवासी गुलाब सिंह गोंड उम्र 26 साल पिता बुधराम गोंड, लाटागांव मैहर, थाना बघेरा मप्र निवासी पहलाद यादव उम्र 44 साल पिता चौबे लाल यादव, गनियारीकला, थाना धुरकी, जिला गढ़वा झारखंड निवासी रघुनाथ सिंह उम्र 27 साल पिता लालमनि सिंह, माचाडोली निवासी निवासी गीता प्रसाद यादव उम्र 27 साल पिता होलास यादव एवं राजकुमार विश्वकर्मा उम्र 22 साल पिता गणेश विश्वकर्मा शामिल है।



हर साल होगी कोयला कर्मचारियों की मेडिकल जांच, लेबर कोड के तहत बदलाव की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल समेत कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनियों की खदानों में कार्यरत कोयला कर्मचारियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर महत्वपूर्ण बदलाव की तैयारी की जा रही है। खदानों में ब्लास्टिंग के दौरान उड़ने वाली कोयले की धूल के बीच काम करने वाले कर्मचारियों की अब हर पांच साल के बजाय प्रतिवर्ष मेडिकल जांच कराने का प्रस्ताव है। इससे गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करने और कर्मचारियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है।

वर्तमान व्यवस्था के तहत कोयला कर्मियों की प्रत्येक पांच साल में चिकित्सा जांच का प्रावधान है। अब प्रस्तावित लेबर कोड के संभावित क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए कोल इंडिया प्रबंधन स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। प्रबंधन ने प्रस्तावित प्रावधानों को प्रस्तुति के माध्यम से सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक में यूनियन प्रतिनिधियों के समक्ष रखा है।

प्रस्तावित व्यवस्था में महिला कर्मचारियों की मेडिकल जांच महिला चिकित्सक अथवा महिला परिचारिका की मौजूदगी में कराने का प्रावधान भी शामिल है। इसके अलावा बचाव दल के प्रशिक्षित कर्मचारियों को भी सालाना मेडिकल जांच की सुविधा देने का प्रस्ताव है। कर्मचारियों के स्वास्थ्य संबंधी रिकॉर्ड को सुरक्षित और व्यवस्थित रखने के लिए सीआईएल डिजिटल प्लेटफॉर्म विकसित किया जा रहा है। इसके माध्यम से चिकित्सा जांच, स्वास्थ्य अभिलेख और व्यावसायिक स्वास्थ्य निगरानी को डिजिटल स्वरूप दिया जाएगा। प्रस्तावित श्रम व्यवस्था में दैनिक कार्यावधि आठ घंटे और साप्ताहिक अधिकतम कार्यावधि 48 घंटे रखने की बात कही गई है। इसके तहत सप्ताह में अधिकतम छह दिन काम लेने का प्रावधान प्रस्तावित है।





न्यायालय - राजेश खलखो व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी जैजैपुर, जिला जांजगीर चांपा (छ.ग.)
प्रकरण क्रमांक - 31 ए/ 2023
प्रोसेस क्रमांक- 1678/2026
पेशी तारीख - 19.11.2026
छेदूलाल.....वादी

विरूद्ध

फगुआ वगैरह .....प्रतिवादीगण

वादी छेदूलाल पिता ररूहा निवासी ग्राम अमोदा तहसील हसौद जिला सक्ती ने आप अनावेदक 01. सहरतीन पिता भुरू उम्र 42 वर्ष जाति मरार, ग्राम अमोदा हाल मुकाम ग्राम किकिरदा तहसील हसौद जिला सक्ती छ.ग. 02. बहरतीन पिता भुरू उम्र 41 वर्ष जाति मरार साकिन ग्राम अमोदा हाल मुकाम ग्राम पुलेनी तहसील टुण्ड्रा जिला बलौदाबाजार छ.ग. के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 19.11.2026 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 13.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट - यदि कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

(राजेश खलखो)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी, जैजैपुर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

खबर संक्षेप

थाना चौक व्यापारी संघ ने निकाली माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा



शिवरीनारायण। धार्मिक नगरी शिवरीनारायण में शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का माहौल बना हुआ है। इसी कड़ी में सप्तमी के पावन अवसर पर थाना चौक व्यापारी संघ के तत्वावधान में माता रानी की भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे नगर का वातावरण माता रानी के जयकारों से भक्तिमय हो गया। चुनरी यात्रा थाना चौक से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए मेला ग्राउंड स्थित शिवरीनारायण की महारानी के भव्य दरबार तक पहुंची। यहां श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान और श्रद्धापूर्वक माता रानी को चुनरी अर्पित कर सुख-समृद्धि, खुशहाली और परिवार की मंगलकामना की।यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर नाचते-गाते और माता रानी के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। चुनरी यात्रा में थाना चौक व्यापारी संघ के सदस्यों के साथ नगरवासियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और छोटे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सभी ने एक साथ माता रानी की आराधना करते हुए इस धार्मिक आयोजन का आनंद उठाया।नगर की धार्मिक परंपराओं और आपसी सौहार्द को मजबूत करने वाली इस चुनरी यात्रा में श्रद्धालुओं की भागीदारी ने नवरात्र उत्सव की रौनक को और बढ़ा दिया। माता रानी के दरबार में चुनरी अर्पित करने के साथ श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था प्रकट की। पूरे आयोजन में भक्ति, उल्लास और धार्मिक एकता की झलक देखने को मिली।नवरात्र के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य चुनरी यात्रा ने शिवरीनारायण में मां दुर्गा के प्रति श्रद्धालुओं की अटूट आस्था और नगर की धार्मिक संस्कृति को एक बार फिर प्रदर्शित किया।

छत्तदार चबूतरा निर्माण के लिए पालिका अध्यक्ष ने दिए 10 लाख

चांपा। वार्ड क्रमांक-1 के वासियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए पालिका



अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने अध्यक्ष निधि से 10 लाख की राशि छतदार चबूतरा निर्माण के कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई है। पालिका अध्यक्ष ने बताया के नवा पारा के निवासियों के द्वारा लंबे समय से देवांगन धर्मशाला परिसर में एक चबूतरा निर्माण की मांग रखी जा रही थी, जिसमें देवांगन समाज के सामाजिक कार्यों के अतिरिक्त अन्य समाजों के व्यक्तियों को मांगलिक, व सामाजिक कार्यों के लिए एक छतदार चबूतरा की नितांत आश्यकता है जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए पालिका ने कार्य के निविदा की कार्यवाही प्रारंभ कर दी है। प्रस्तावित छत्तदार चबूतरे के निर्माण से क्षेत्र में होने वाले सामाजिक, धार्मिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा। साथ ही, लोगों को धूप और बारिश से भी राहत मिलेगी। इस कार्य के निविदा की कार्यवाही होने पर वार्ड वासी दिलचंद देवांगन (मेहर), शैलेन्द्र देवांगन,संजय देवांगन, फत्ते चंद देवांगन, पूर्व पार्षद रजनी देवांगन, लक्ष्मी चंद देवांगन (सरहु), बजरंग देवांगन, दिलहरण कंवर, सहित वार्ड वासियों हर्ष व्यक्त करते हुए निर्माण कार्य की स्वीकृति के लिए पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव व पालिका परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस अवसर पर वार्ड वासियों ने कहा कि छत्तदार चबूतरा बनने से आमजन को विशेष रूप से विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान काफी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 तक

सक्ती। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों को शिक्षण सत्र 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थानों जैसे आईआईटी, एआईआईएमएस, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, नीट एवं आईआईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तत्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। योजनांतर्गत पात्र विद्यार्थियों से निर्धारित प्रपत्र में 30 अक्टूबर तक संबंधित कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, सक्ती में पंजीकृत डाक अथवा स्वयं उपस्थित होकर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

निधन

जवाहरलाल कश्यप

चाम्पा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कश्यप के



पिता एवं ग्राम बैहागुड़रु (हसौद) निवासी जवाहरलाल कश्यप (बड़े गौटिया) का रविवार 18 अक्टूबर को तड़के ग्राम स्थित निवास पर निधन हो गया। वे 81 वर्ष के थे। स्व. कश्यप अपने पीछे पांच पुत्रों एवं तीन पुत्रियों समेत भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को ही ग्राम कैथा से उत्तर दिशा की ओर 3 कि. मी. दूर स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया जहां बड़ी संख्या में परिजन एवं ग्रामीणों सहित सरस्वती शिशु मंदिर और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ परिवार के लोग मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र अश्विनी कश्यप ने दी।

चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, महामाया व मनकादाई सहित अंचल के देवी मंदिरों में उमड़े श्रद्धालु

अष्टमी पर हुई महागौरी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा की गई। इस दौरान मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। जिले के मां मनका दाई, महामाया मंदिर, चंद्रहासिनी, अष्टभुजी, सहित अन्य देवी मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिली। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये। कई जगहों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ।

11 अक्टूबर से शारदीय नवरात्रि की शुरूआत हुई है। वहीं रविवार 18 अक्टूबर को अष्टमी के दिन महागौरी की पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान जिले के सभी देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही। घट स्थापना के साथ ही मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किये गये है और पहले दिन से ही माता के दर्शन के साथ ज्योति कलश दर्शन करने श्रद्धालुओं की



मां मनकादाई मंदिर खोखरा में दर्शन के लिए लगी भक्तों की कतार।

भीड़ उमड़ रही है। जिले में प्रमुख रूप से खोखरा की मनकादाई, हरदी की महामाया महामाई, मदनपुरगढ़ की मनकामाई, डोंगरी में सरई श्रृंगारिणी, शिवरीनारायण की अन्नपूर्णा देवी, चंद्रपुर की चंद्राहासिनी देवी, अड़भार की अष्टभुजी, महामाया माई, कमरीद की समलाई मां, चांपा की समलेश्वरी मंदिर, सेमरा की महामाई दाई, शिरीष पाठ मंदिर डोंगाकोहरौद, नवागढ़, बलौदा, शिवरीनारायण, छपोरा, सिवनी नैला, बाराद्वार, अड़भार, तागा, बगड़बरी, सलखन, भडेसर, सारागांव के देवी मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये गये। रविवार को भक्तों ने दुर्गा के आठवें स्वरुप महागौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। देवी-मंदिरों में पुड़ी-हलवा का भोग लगाया गया। भक्तों द्वारा माता के मंदिरों में लाल जोड़े चढ़ाये गये, वहीं कई स्थानों पर हवन के साथ कन्याभोज का आयोजन भी हुआ। अष्टमी तिथि पर देवी मंदिरों में सुबह 4 बजे से देर रात तक भक्तों का तांता लगा रहा, जिसमें महिलाओं की विशेष भीड़ देखी गयी। इसी तरह हरदी के महामाया में भक्तों की भीड़ लगी रही। जनश्रुति के अवसर पर मां भवानी अपने वाहन शेर पर सवार हो मध्यरात्रि में अपने विग्रह में प्रवेश करती है। माता के दर्शन करने अपनी-अपनी श्रद्धा के अनुरुप भक्तगण कुछ जमीन पर लोट मारते हुए तो कोई पदयात्रा करते हुए यहां पहुंचे। देवी मंदिरों में कहीं देवी भागवत रामायण के नवाह्न परायण, तो कहीं दुर्गा सप्तशती के सामूहिक परायण का विधान अपनाया गया, परन्तु जसगीत का आयोजन सभी मंदिरों में विशेष रुप से किया गया। महाअष्टमी की पूजा फल के लिए कुंवारी कन्याओं को भोजन कराया गया।

चण्डी मंदिर केरा में विधि-विधान से हुआ हवन-पूजन



केरा। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर रविवार 18 अक्टूबर को अष्टमी तिथि के दिन ग्राम केरा स्थित प्रसिद्ध चण्डी मंदिर में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने मां चण्डी की आराधना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। अष्टमी के अवसर पर आयोजित हवन कार्यक्रम में पंडित दया प्रसाद पांडेय ने वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार हवन संपन्न कराया। इस दौरान मुख्य पुजारी अजय पांडेय उपस्थित रहे। धार्मिक अनुष्ठान में मुख्य यजमान के रूप में विद्याधर शुक्ला, आशीष शुक्ला, योगेन्द्र शुक्ला, मनीष शुक्ला एवं दिवाकर शर्मा सहित परिवार के अन्य सदस्यों ने भाग लिया। मंत्रोच्चार के बीच आहुतियां अर्पित कर मां चण्डी से सभी के कल्याण और सुख-शांति की प्रार्थना की गई। हवन एवं पूर्णाहुति के पश्चात मां चण्डी को पारंपरिक प्रसाद अठवाई रोठ अर्पित कर भोग लगाया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर में देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला चलता रहा।

सिलादेही में नवरात्रि की धूम, नौ जगह पर विराजी मां दुर्गा

बिर्रा। ग्राम पंचायत सिलादेही में नवरात्रि की धूम मची हुई है। यहां पर अलग-अलग नौ जगहों पर अलग-अलग रूपों में आदि शक्ति दुर्गा माता विराजमान हुई है। पूरा गांव के माता भक्त , श्रद्धालु एवं उपासक और ग्रामवासी आदि शक्ति माता दुर्गा की भक्ति में लगातार 9 दिनों तक डूबे रहेंगे। ग्राम सिलादेही में लगातार नौ दिनों तक नवरात्रि की धूम मची हुई है। पूरा गांव भक्तिमय हो गया है। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलादेही के नौ मोहल्ले में अलग-अलग नौ जगहों पर अलग-अलग कई रूपों में आदि शक्ति दुर्गा माता विराजमान हुई है। इस संबंध में ग्राम के समाज सेवक के छबि लाल पटेल ने बताया कि ग्राम सिलादेही में नौ जगहों पर दुर्गा माता स्थापित किए गए हैं। गांव के बच्चे बूढ़े एवं युवा और माताएं बहने सभी ने ग्राम के नौ मोहल्ले में कई रूपों पर विराजित दुर्गा माता की भक्ति भाव से पूजा अर्चना कर रहे हैं। महिला कीर्तन मंडलीयां के द्वारा कीर्तन भजन किया जा रहा है। दुर्गा माता की महिमा का श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ गुणगान हो रहा है। पूरा गांव के माता भक्त , श्रद्धालु एवं उपासक और ग्रामवासी आदि शक्ति माता दुर्गा की भक्ति में लगातार 9 दिनों तक डूबे हुए हैं। पूरा गांव में नवरात्रि की धूम मची हुई है। छोटे से गांव सिलादेही में नौ जगह पर कई रूपों में अस्थाई पंडाल बनाकर दुर्गा माता की मूर्ति स्थापना किया गया है। जो पूरा बिर्रा अंचल में खुशी एवं यहां के भक्ति और भक्तों की खूब चर्चाएं हो रही है। पूरा गांव का माहौल नवरात्रि के अवसर पर भक्तिमय हो गया है। ग्राम पंचायत सिलादेही के सोनबरसा पारा, कहरापारा, पुरानी बस्ती, पुराना बाजार चौक , बाजार चौक, गढपारा, मौहाडीह पारा, भाठापारा और शुक्लापारा नौ मोहल्ले में अलग-अलग दुर्गा पंडाल बनाया गया है। जिसमें आदि शक्ति माता अंबे भवानी दुर्गा माता की अलग-अलग नौ रूपों में नौ जगहों पर अस्थाई मूर्ति स्थापना किया गया है। पूरा गांव शक्ति की भक्ति में नौ दिनों तक डूबे रहेंगे। सभी जगह पूजा आरती, कीर्तन भजन आदि किया जा रहा है। इसके साथ ही कई जगह पर प्रसाद वितरण एवं भंडारा का आयोजन भी चल रहा है। सिलादेही के ग्रामीण शक्ति की भक्ति में डूब गए हैं।

प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे मां भवानी के दर्शन करने

सक्ती। नवरात्रि में देवी जगदंबा की उपासना के महापर्व नगर के विभिन्न स्थान पर दुर्गा पंडाल में मां दुर्गा जी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं वहीं नगर में प्रतिदिन प्रत्येक दुर्गा पंडालों में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। नगर में विभिन्न स्थानों पर आकर्षक दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं। कहीं महाकालेश्वर मंदिर का स्वरूप कहीं केदार नाथ मंदिर के स्वरूप एवं विभिन्न मंदिरों के स्वरूप में पंडाल बनाए गए हैं, जो आकर्षण के केंद्र बने हुए है। प्रतिदिन शाम के समय हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण मां भवानी के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। वही ग्राम पंचायत सोंठी में आचार्य राजेंद्र महराज द्वारा मां दुर्गा की पूजा महा आरती कराई जाती है जो धर्म संस्कृति की राह पर विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ मां भवानी की महा आरती की जारी है। इस दुर्गा पंडाल में सबसे विशेष बात है यहां केवल महिला समिति ही मां दुर्गा की स्थापना की है और प्रतिदिन महा आरती एवं भंडारे में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं देखरेख करती हैं जो नगर के लिए आकर्षण केंद्र बना हुआ है। नवरात्र पूजन को लेकर राजेंद्र महाराज ने बताया देवी के व्रत धारण कर शक्ति की आराधना की जाती है। शक्तिमान की ही सत्ता होती है । शारदीय नवरात्र में 9 दिनों तक श्रद्धालुओं व्रत रखकर मां दुर्गा के स्वरूप मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। प्रत्येक मंदिर दुर्गा पंडाल में सुबह से ही भक्त माता की पूजा अर्चना कर मां जगदम्बा का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे है , वहीं श्रद्धालु मां को पुष्प, फल और नारियल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर पूजा-पाठ कर रहे है। सैकड़ों की संख्या में भक्त मां भवानी की महाआरती शामिल हो रहे है। आरती के दौरान भक्तिमय माहौल बना रहता है। मान्यता है नवरात्री में मां की पूजा करने से भय और नकारात्मक शक्तियों से मुक्ति मिलती है।



- नवरात्र में आदिशक्ती की पुजा करने से सुख सर्मध्दी भय मुक्त हर क्षेत्र में विजय प्राप्त करता है मनुष्य : राजेन्द्र महराज

रहसबेडा दुर्गोत्सव में जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन, 20 मंडलियों ने दी भक्तिमय प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर अकलतरा नगर के रहसबेडा स्थित वार्ड क्रमांक 15 एवं 16 की नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 15 अक्टूबर को पंचमी के अवसर पर एक दिवसीय भव्य जसगीत प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 20 जसगीत मंडलियों ने भाग लेकर मां दुर्गा की महिमा का गुणगान किया।


- 20 जसगीत मंडलियों ने दी भक्तिमय प्रस्तुतियां, विजेता दलों को शील्ड एवं नकद पुरस्कार से किया गया सम्मानित

जसगीत प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलियों ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मंडलियों को नकद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली जसगीत पार्टी मेकरि को 15 हजार रुपये एवं शील्ड प्रदान की गई। द्वितीय स्थान पर रही बरमबाबा जसगीत पार्टी, पौना को 10 हजार रुपये एवं शील्ड से सम्मानित किया गया। इसी प्रकार तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली जय माता दी जसगीत पार्टी, पौना को पांच हजार रुपये एवं शील्ड तथा चतुर्थ स्थान पर रही जय लिंगेश्वर जसगीत पार्टी, नवागढ़ को 2,500 रुपये एवं शील्ड प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त पांच टीमों को समिति की ओर से सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। **सप्तमी पर 56 भोग प्रसाद वितरण:-** नवरात्रि के धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला में 17 अक्टूबर, शनिवार को सप्तमी के पावन अवसर पर मिस्टर लायंस क्रिकेट क्लब, अकलतरा द्वारा 56 भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस आयोजन के माध्यम से श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की और भक्तिमय वातावरण में प्रसाद ग्रहण किया। **महानवमी पर 108 कन्याओं का पूजन एवं महाभंडारा-** नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा 19 अक्टूबर, सोमवार को महानवमी के शुभ अवसर पर 108 कन्याओं के लिए प्रीतिभोज तथा विशाल महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम छह बजे से प्रारंभ होगा। आयोजन में क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

जगह-जगह विराजी मां दुर्गा



गोकुलधाम दुर्गोत्सव समिति पामगढ़ ।



मां कृपा दुर्गोत्सव समिति थाना के पास पामगढ़ ।




सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति महाबीर गली सपिया




सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति गायत्री मंदिर पारा,मांझाखोल सपिया




सर्वमंगला दुर्गा उत्सव समिति,राम जानकी मंदिर



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति अंजोरीपाली,फगुरम रोड



सोनबरसा पारा सिलादेही



बाजार सिलादेही



कहरापारा पुरानी बस्ती



भाठापारा में विराजी मां दुर्गा।

50 फीट के रावण, 35 फीट के कुम्भकर्ण व 30 फीट के मेघनाथ के पुतलों का होगा दहन

दशहरा महोत्सव की तैयारियां पूरी, जयाप्रदा व अनुज शर्मा देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई एवं अंधकार पर प्रकाश की विजय का प्रतीक पर्व विजयादशमी इस वर्ष भी मंगलवार 20 अक्टूबर को स्थानीय दशहरा उत्सव समिति के तत्वाधान में भालेराय खेल मैदान में मनाया जायेगा। इस वर्ष दशहरा उत्सव की रौनक बढाने पूर्व सांसद व बॉलीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा तथा छालीवुड कलाकार अनुज शर्मा का आगमन हो रहा हैं।

आयोजन समिति द्वारा इस बार मैदान में 50 फीट के रावण, 35 फीट के कुम्भकर्ण और 30 फीट के मेघनाथ के पुतलों का निर्माण कराया जा रहा हैं। सभी पुतलों का दहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति के दौरान डिजिटल यानि इलेक्ट्रॉनिक तरीके से किया जायेगा। पुरे



भालेराय मैदान में निर्मित रावण, कुम्भकर्ण व मेघनाथ के पुतले।

आयोजन को भव्य रूप प्रदान करने में समिति द्वारा कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी जा रही हैं। खास बात यह हैं कि इस बार पुरे आयोजन को आधुनिक तकनीक से जोड़ा जा रहा हैं ताकि जो लोग भीड़ अथवा अन्य कारणों से मैदान तक नहीं पहुंच पाए वे यूट्यूब और फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से घर बैठे दशहरा महोत्सव का लाइव प्रसारण देख सकते हैं। आयोजन के दौरान भगवान श्रीराम की विजय तथा रावण के अंत का प्रतीकात्मक आयोजन होगा। आयोजन में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा दर्शकों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए आवश्यक व्यवस्था की जा रही हैं। साथ ही यातायात और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। दशहरा उत्सव के दौरान राम दरबार की भव्य झांकी भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहेगी। रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाथ के पुतलों के दहन के साथ ही की जाने वाली विशेष आतिशबाजी प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहेगी। दशहरा उत्सव में विशेष अतिथियों को आमंत्रित किये जाने के अतिरिक्त उनका उदबोधन होगा। व्यक्ति व्यवस्था बनाने के लिए विशेष दलों को जिम्मेदारी सौंपी गयी हैं। साथ ही कार्यक्रम में आने वाले बच्चों और महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जायेगा। समिति द्वारा आयोजन को सफल बनाने सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। आयोजन को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा हैं।


व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी विषय में हुआ अतिथि व्याख्यान



हसौद। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत आईटी विषय में कक्षा 9वीं से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए 16 अक्टूबर को गेस्ट लेक्चर का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय की पूर्व छात्रा तथा वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर हसौद की कंप्यूटर तथा गणित की शिक्षिका सुश्री लेखा साहू के द्वारा कक्षा 11वीं तथा 12वीं के छात्र-छात्राओं को आईटी विषय पर बहुत ही सराहनीय व्याख्यान दिया, जिसमें बच्चों को चैटजीपीटी, आरडीबीएमएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा सीआरएम के बारे में बताया। कक्षा 9वी और 10वीं के लिए लोकनाथ साहू, सहायक प्राध्यापक मां महामाया कंप्यूटर कॉलेज हसौद ने कीबोर्ड और डिजिटल साक्षरता के ऊपर व्याख्यान दिया। व्याख्यान को लेकर बच्चे बेहद ही उत्साहित रहे, विद्यालय के प्राचार्य राजकुमार प्रजापति, आईटी के शिक्षक अनिल प्रकाश बंजारे तथा अन्य सभी शिक्षकों ने अतिथि विद्वानों के व्याख्यान की खूब सराहना करते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि

"न जायते म्रियते वा कदाचिन्नांय, भूत्वा भविता वा न भूयः ।
अजो नित्यः शाश्वतोऽयं पुराणो, न हन्यते हन्यमानें शरीरे ।।"



जन्म
01/10/1948

निर्वाण
19/10/2015

स्व. परसराम भारद्वाज जी

ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर

भावपूर्ण श्रद्धांजलि...

श्रद्धांजलि सभाः- समय- 12:00 बजे, स्थान- तिवारी पारा खरौद

आपने सत्यता, सहनशीलता, सहिष्णुता, सद्मार्ग, सहयोग एवं स्पष्टता का जो मार्ग दिखाया था,
उसी मार्ग पर चलते हुए पूरा परिवार आपकी गरिमा को बनाये रखने के लिए
दृढ़ संकल्पित होकर आगे बढ़ रहा है।

**आपका आशीर्वाद बना रहे इसी कामना के साथ आज पुण्यतिथि पर पूरा परिवार
नतमस्तक होकर मार्मिक श्रद्धांजलि अर्पित करता है...**

"हम हैं आपके"

श्रीमती कमला देवी भारद्वाज (पत्नी), रवि परसराम भारद्वाज (पुत्र)
संजय शेखर भारद्वाज (पुत्र), जतिन देवेन्द्र शेखर भारद्वाज (नाती)
एवं समस्त भारद्वाज परिवार तिवारीपारा खरौद